अमिअ मूरिमय चूरन चारू । समन सकल भव रूज परिवारू ।।
गुरू पद रज मृदु मंजुल अंजन । नयन अमिअ दृग दोष बिभंजन ।।
( मानस-भारत । राम कथा 923 - नई दिल्ली । मोरारी बापू )

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 75 | इंदौर, बुधवार 20 सितंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Parliament Session : महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा शुरू, सोनिया गांधी ने बिल को राजीव गांधी का सपना बताया
2. विवादः 'सनातन धर्म को खत्म करना होगा', तमिलनाडु CM के बेटे उदयनिधि स्टालिन के फिर बिगड़े बोल

# बारिश थमने से गर्मी का जोर

## 22 से 24 सितंबर तक स्ट्रॉन्ग सिस्टम, पूरा प्रदेश फिर तरबतर होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में बारिश का दौर थमते ही गर्मी का असर बढ़ गया है। मंगलवार को भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में दिन का टेम्प्रेचर 2 डिग्री तक बढ़ गया। वहीं, खंडवा में डेढ़ इंच से ज्यादा बारिश हो गई। ऐसा ही मौसम बुधवार को भी बना रहेगा, जबकि 21 सितंबर से हल्की बारिश का दौर शुरू हो जाएगा। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि 22 से 23 सितंबर तक स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव रहेगा। इससे एक बार फिर पूरा प्रदेश तरबतर होगा।



नया सिस्टम बंगाल की खाड़ी से एक्टिव होगा, जो काफी स्ट्रॉन्ग रहेगा। इससे भोपाल, ग्वालियर, चंबल, रीवा, इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों में मूसलाधार बारिश हो सकती है। अब तक सूखे रहे रीवा संभाग में भी तेज बारिश होने की संभावना है। बुधवार को डिंडोरी, सिवनी, मंडला और बालाघाट जिलों में तेज बारिश हो सकती है। वहीं, इंदौर, जबलपुर समेत 27 जिलों में धूप-छांव रहेगी। कहीं-कहीं हल्की बारिश भी हो सकती है।

### ◆ अभी 7 जिले रेड जोन में

प्रदेश के 7 जिले अभी रेड जोन में है। इनमें भोपाल, गुना, अशोकनगर, दमोह, सतना, रीवा और सीधी जिले शामिल हैं। यहां 23% से 38% तक कम बारिश हुई है।

### ◆ 5 बड़े शहरों में मौसम का हाल

**भोपालः** मौसम साफ रहेगा। तेज धूप निकलेगी। इससे गर्मी और उमस का असर बना रहेगा। कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी हो सकती है।

**इंदौरः** हल्की बारिश होने के आसार है। इससे ठंडक घुल सकती है।

**ग्वालियरः** तेज धूप निकलने से गर्मी का असर रहेगा। पारा 33 डिग्री के पार रह सकता है।

**जबलपुरः** मौसम बदला सा रहेगा। धूप-छांव रहेगी। कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है।

**उज्जैनः** कहीं-कहीं बूंदाबांदी हो सकती है। तेज धूप भी निकलेगी।

# दिल्ली में फिर किसान आंदोलन की तैयारी

### ◆ किसान नेता कक्काजी बोले- मप्र में विकासपुरुष और विनाशपुरुष के बीच चुनाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम। देश की राजधानी दिल्ली को एक बार फिर से किसान के द्वारा घेराबंदी करने की तैयारी की जा रही है। लोकसभा चुनाव से पहले साल 2024 में संयुक्त किसान मोर्चा का दिल्ली में बड़ा आंदोलन हो सकता है। यह बात राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और किसान आंदोलन के संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक शिवकुमार शर्मा "कक्काजी" ने कही।**

उन्होंने कहा 2020 से 21 तक करीब एक साल चले किसान आंदोलन के दौरान पांच बिंदुओं पर सहमति बनी थी। भारत सरकार के लेटरपेड पर पांच बिंदुओं को लिखकर दिया गया था, उस लेटर के एक भी बिंदु को केंद्र सरकार ने नहीं माना। केंद्र सरकार की वादाखिलाफी को लेकर 2024 के लिए हम एक बड़ा आंदोलन करने की तैयारी कर रहे है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवकुमार से किसान आंदोलन के साथ ही लाड़ली बहना योजना, मप्र विधानसभा चुनाव, महिला आरक्षण बिल के मुद्दें पर भी विस्तार से चर्चा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष शर्मा ने सीएम शिवराज पर निशाना साधते कहा कि शिवराज विनाश और कमलनाथ विकास पुरुष है। मप्र में विधानसभा चुनाव विकास पुरुष और विनाशपुरुष के बीच होगा।

# दल बदलने का सिलसिला लगातार जारी

## चुनाव से पहले पार्टी की खास रणनीति

### आज मालवा, महाकौशल के कई नेता कांग्रेस में शामिल होंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। चुनाव के मौके पर नेताओं के दल बदलने का सिलसिला लगातार जारी है। इस मामले में अब तक कांग्रेस फायदे में है। इसकी वजह यह है कि भाजपा के असंतुष्ट नेता बिना देर किए कांग्रेस का दामन थाम रहे हैं। मौके की नजाकत को प्रदेश कांग्रेस के बड़े नेताओं ने पहले ही भांप लिया था। उन्होंने इसके लिए एक खास रणनीति भी बनाई है। अंदरूनी तौर पर इसे ऑपरेशन पंजा भी कहा जा रहा है।**

पार्टी के नेताओं ने सिर्फ संभाग और जिला स्तर पर नहीं बल्कि ब्लॉक ब्लॉक स्तर पर भी पार्टी के नेताओं को भाजपा के असंतुष्टों के संपर्क में रहने को कहा है। कांग्रेस की इस रणनीति के तहत बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पीसीसी चीफ कमलनाथ की मौजूदगी में महाकौशल, नर्मदापुरम, मालवा इलाके के कई बीजेपी नेता इस समारोह में कांग्रेस की सदस्यता लेंगे।

इस रणनीति के तहत ही कांग्रेस मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के विधानसभा क्षेत्र बुधनी में भी भाजपा में सेंध लगाने में कामयाब रही। बुधनी क्षेत्र के भाजपा नेता राजेश पटेल भी समर्थकों के साथ बुधवार को कांग्रेस की सदस्यता लेंगे। प्रदेश नेतृत्व ने संभाग, जिला और ब्लॉक स्तर के इन नेताओं को यह नसीहत भी दी है कि बीजेपी नेताओं को कांग्रेस में शामिल करने से पहले हर पहलू पर देख-परख लें।

# मौसम खुला, आसमान साफ, धूप निकली दो-तीन दिन तेज बारिश के नहीं हैं आसार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पिछले हफ्ते हुई तेज बारिश और फिर तीन दिन से कहीं हल्की तो कहीं रिमझिम बारिश के बाद अब मौसम साफ होने लगा है। सोमवार को तेज धूप के बाद शाम को बादल छाए थे और कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई थी। आज मंगलवार को भी सुबह बादल छाए लेकिन फिर तेज धूप निकली। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अभी दो-तीन दिन तेज बारिश के आसार नहीं हैं। ऐसे में गणेशोत्सव के शुरुआती दो-तीन बिना बारिश के खलल के धूमधाम से गुजर सकेंगे।**

पिछले हफ्ते हुई तेज बारिश और फिर तीन दिन से कहीं हल्की तो कहीं रिमझिम बारिश के बाद अब मौसम साफ होने लगा है। सोमवार को तेज धूप के बाद शाम को बादल छाए थे और कहीं-कहीं हल्की बारिश हुई थी। आज मंगलवार को भी सुबह बादल छाए लेकिन फिर तेज धूप निकली। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अभी दो-तीन दिन तेज बारिश के आसार नहीं हैं। ऐसे में गणेशोत्सव के शुरुआती दो-तीन बिना बारिश के खलल के धूमधाम से गुजर सकेंगे।

इस बार सितम्बर के आधे माह में ही कुल बारिश 45 इंच से ज्यादा हो चुकी है जो सामान्य कोटे से 8 इंच ज्यादा है। सोमवार को दिन का तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 3 डिग्री कम है जबकि एक दिन पहले यह सामान्य से 8 डिग्री था। इसी तरह सोमवार रात का तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य है। पिछले दिनों भारी बारिश का खास असर यह है कि अगस्त में कम बारिश होने से जहां पहले काफी उमस थी अब जमीन तर होने से लोगों को उमस से राहत मिली है।

मौसम विभाग ने अगले तीन दिन तक धूप-छांव वाला मौसम रहने का अनुमान जताया है। इसके बाद 22 सितम्बर से फिर बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो जाएगा। इस दौरान इंदौर और उज्जैन संभाग के जिलों में भारी बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि अभी बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर का सिस्टम बना हुआ हो जो पूर्वी मप्र की ओ मूव कर रहा है। जैसे-जैसे यह आगे बढ़ेगा वैसे-वैसे सिस्टम स्ट्रॉन्ग होता जाएगा। अभी इसका असर इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में नहीं रहेगा। इस दौरान कभी धूप तो कभी बादल छाएंगे लेकिन तेज बारिश नहीं होगी। संभाग में कहीं-कहीं कुछ देर के लिए रिमझिम हो सकती है।

## ट्रैफिक वार्डन संगठन की मीटिंग

◆ शहर के ट्रैफिक को बेहतर करने के लिए चौराहों पर सेवाएं देंगे संगठन के सदस्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। ट्रैफिक को सुगम एवं सुचारु रूप से संचालित करने में ट्रैफिक वार्डन संगठन के सदस्य अपना योगदान देंगे। सप्ताह में दो दिन शहर के विभिन्न चौराहों पर वे अपनी सेवाएं देंगे। इस काम के लिए युवाओं को भी जोड़ेंगे तथा वरिष्ठ सदस्यों को आमंत्रित कर उनके अनुभवों का लाभ लेने के लिए मार्गदर्शन लेंगे। निजी होटल में ट्रैफिक वार्डन संगठन की एक मीटिंग आयोजित हुई।

शहर के यातायात को सुगम बनाने में संगठन पिछले 40 सालों से सक्रिय है। बैठक में निर्णय लिया है कि वरिष्ठ सदस्यों को आमंत्रित कर उनके अनुभवों का लाभ लेकर विभिन्न चौराहों पर यातायात व्यवस्था में सहयोग करेंगे। संगठन के वरिष्ठ सदस्य मुरली खंडेलवाल ने बताया कि ट्रैफिक वार्डन संगठन की स्थापना 40 साल पूर्व 1983 में स्व. जगत नारायण जोशी द्वारा की गई थी तभी से ट्रैफिक वार्डन संगठन सतत, यातायात व्यवस्था में अपना सहयोग प्रदान करता आ रहा है। संगठन में शहर के कई गणमान्य नागरिकों ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई है।

### इन चौराहों पर सेवाएं देते आ रहे है सदस्य

मीटिंग में संगठन के 50 सदस्य उपस्थित रहे। संगठन द्वारा शहर में अनेक मुख्य त्योहारों पर गुरु नानक जयंती चल समारोह, अग्रसेन जयंती, लोक माता अहिल्याबाई पालकी यात्रा, नवदुर्गा उत्सव एवं डोल ग्यारस चल समारोह, अनंत चतुर्दशी के चल समारोह में पिछले अनेक वर्षों से झांकी यात्रा के मार्ग में, चिकमगलूर चौराहे से संपूर्ण मार्ग के लगभग 30 चौराहों पर ट्रैफिक वार्डन संगठन के सदस्य अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं। मीटिंग में ट्रैफिक वार्ड संगठन को मजबूत बनाने के लिए अनेक रचनात्मक सुझाव भी प्राप्त हुए। संगठन में शहर के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं यातायात व्यवस्था में सहयोग प्रदान करने के इच्छुक युवाओं को भी जोडऩे का प्रयास करेंगे। साथ ही सप्ताह में 2 दिन संगठन के सभी सदस्य, शहर के विभिन्न चौराहों पर यातायात को सुगम एवं सुचारु रूप से संचालित करने में अपना सहयोग प्रदान करेंगे।

## गीता भवन में गणेश जन्मोत्सव पर विशेष पूजन

### संतों के सान्निध्य में श्री गणपति महाराज का अभिषेक कर 1008 लड्डुओं का लगाया भोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** गीता भवन में गणेश चतुर्थी पर मंगलवार को श्री गणपति जी महाराज का अभिषेक कर उन्हें 1008 लड्डू अर्पित किए गए। इस अवसर पर श्रीधाम वृंदावन के स्वामी भास्करानंद महाराज और साध्वी कृष्णानंद के सान्निध्य में प्रथम पूज्य गणेशजी महाराज के प्राकट्य उत्सव पर विशेष पूजन कर 1008 लडडुओं का भोग लगाया गया। गीताभवन मंदिर के सभी ट्रस्टी के साथ गणेश चतुर्थी पर यह विशेष आयोजन किया गया। पूजन-अर्चन और अभिषेक आचार्य कल्याण दत्त शास्त्री ने कराया। ट्रस्ट के अध्यक्ष रामचंद्र ऐरन, मंत्री रामविलास राठी, कोषाध्यक्ष मनोहर बाहेती, प्रेमचंद गोयल, गोपाल दास मित्तल, पवन सिंघानिया, श्याम अग्रवाल के साथ ही ट्रस्ट के सत्संगी और कई संत महात्मा अभिषेक में शामिल हुए।

## पीएम के बयान पर इंदौर में पूरा जैन समाज हर्षित

### संसद के नए भवन में पहले उद्बोधन में जनता से मिच्छामी दुक्कड़म कहने पर जैन समाजजन ने मोदी का आभार माना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भारत देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नए संसद भवन के पहले उद्बोधन में संवत्सरी के उल्लेख पर समूचा जैन समाज हर्षित है। पीएम के बयान पर जैन राजनैतिक चेतना मंच के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने कहा कि पीएम के इस उद्बोधन से जैन धर्म, जैन संस्कृति जिओ और जीने दो, भगवान महावीर का संदेश नमोस्तु शासन जयवंत हो गौरवान्वित हुआ है। इंदौर दिगंबर जैन समाज सामाजिक सांसद के मंत्री डॉ. जैनेन्द्र जैन, फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश विनायका, हंसमुख गांधी, अमित कासलीवाल, टीके वेद, संजीव जैन संजीवनी, परवार महिला संगठन की अध्यक्ष मुक्ता जैन सारिका जैन, पुष्पा कासलीवाल आदि ने भी प्रधानमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया।

उल्लेखनीय है कि नए संसद भवन के पहले उद्बोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज संवत्सरी है, यह एक अद्भुत परंपरा है। आज वह दिन है जब हम कहते हैं 'मिच्छामी दुक्कड़म', इससे हमें किसी ऐसे व्यक्ति से माफी मांगने का मौका मिलता है, जिसे हमने जानबूझकर या अनजाने में ठेस पहुंचाई है। मैं संसद के सभी सदस्यों और देश की जनता से भी 'मिच्छामी दुक्कड़म' कहना चाहता हूं।

कटाक्ष




## बड़े ही हर्षोल्लास से मना तीज का त्यौहार

**देशभर में तीज का त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया**





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। हरतालिका तीज सुहागिन महिलाओं के लिए बेहद खास होता है. वहीं इस व्रत को कुंवारी लड़किया भी रखती हैं. जहां सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और घर की सुख समृद्धि के लिए इस व्रत को रखती हैं तो वहीं कुंवारी लड़किया अच्छे वर की प्राप्ति के लिए इस दिन व्रत रखती हैं, इसी क्रम में सुदामा नगर स्थित महिलाओं ने भी रात्रि जागरण करके हरतालिका तीज बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ मनाया । मान्यता हज कि इस दिन माता पार्वती और भगवान शिव जी की पूजा-अर्चना होती है और ऐसा माना जाता है कि सच्चे मन से उनकी पूजा अर्चना करने से अच्छे सौभाग्य का आशीर्वाद मिलता है। हरतालिका तीज का व्रत सबसे कठिन व्रतो में से एक है. यह व्रत 24 घंटे का होता है और इसे निर्जला रखा जाता है।

# दो दिन बढ़ा प्रीमियम एक्सटीरियर एण्ड इंटीरियर एक्सपो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लाभ गंगा गार्डन में 'प्रीमियम एक्सटीरियर एंड इंटीरियर एक्सपो 2023' बारिश की खलल और लोगों की डिमांड के बाद दो दिन और बढ़ा दिया गया है। यह एक्सपो 15 से 18 सितम्बर तक के लिए था लेकिन इस बीच भारी बारिश हुई जिसके चलते अब यह 20 सितम्बर तक रहेगा। इस एक्सपो में हर स्टॉल पर काफी सारे यूनिक प्रोडक्ट्स देखने को मिल रहे है। इसमें देशभर से आए इण्डस्ट्रीलिस्ट्स अपने इंटीरियर और एक्सटीरियर डिजाइन, प्रोडक्ट और सर्विस दे रहे हैं।**

एक्सपो में एक नागपुर की 5ष्ठ फोटो बनााने वाली कंपनी का स्टॉल है। डायरेक्टर वेद लोणकर ने बताया कि कंपनी ने 3ष्ठ के बाद 5ष्ठ की फोटो सीरिज तैयार की है। इसमें अलग-अलग साइज की फोटो हैं। इसमें भगवान, धार्मिक स्थल, प्राकृतिक स्थल, पशु-पक्षियों सहित कई प्रकार की फोटो हैं। 5ष्ठ वाली ये फोटो हूबहू वास्तविकता का आभास देती हैं। जैसे शेर की खुले मुंह वाली फोटो ऐसी है जैसे उसके जबड़े में हाथ डाला जा सकता है। हालांकि स्पर्श करने पर पता चलता है कि ऐसा कुछ नहीं है। ऐसे ही घोड़ों की फोटो भी है जो नजदीक से देखने पर भी वास्तविकता का आभास देते हैं।

### बारिश-आंधी में भी खराब नहीं होते लॉन के पंखे

एक्सपो में एक बड़ा स्टाल डिजाइनिंग फैन्स का है। यहां सैकड़ों की संख्या में कई तरह के पंखे हैं जो 16 हजार रु. से लेकर 1.75 लाख रु. तक है। इन पंखों में एक पंखा ऐसा है जिसमें तीन छोटे पंखे हैं जो हर कोने-कोन तक हवा देते हैं। इसकी डिजाइन काफी खूबसूरत है, इसकी कीमत 60 हजार रु. है। कंपनी के एमडी मनीष पटेल ने बताया कि ये सारे पंखे मेड इन ताइवान हैं।

ऑउटडोर के लिए भी बड़े स्टैण्ड पंखे हैं जिसमें खूबसूरत लैम्प लगे हैं। इन्हें लॉन, बालकनी में लगाया जाता है। यह हाईग्रेडेड है तथा तेज बारिश, आंधी, तूफान में भी खराब नहीं होते। इसकी भी हवा दूर-दूर तक जाती है। ऐसे कई डिजाइन वाले पंखे ऐसे हैं जिसमें झूमर, लैम्प, स्पीकर तो हैं ही इसकी हवा ऐसी है कि जो अलग ही सुकून देते हैं। इसी तरह प्राकृतिक स्थलों के फोटो तो देखते ही मन मोह लेते हैं।

### मंदिरों के लिए ऐसे पंखे की दीया नहीं बुझता

पटेल ने बताया कि कंपनी के पास हर प्रकार की छत, कोने, बाथरूम और दीवार के अनुरूप पंखे हैं। इसका मैकेनिज्म इस तरह तैयार किया गया है कि बिजली की खपत कम होती है। कंपनी पंखे बनाने के लिए टेक्निकली डिजाइन तैयार करती हैं। इसके लिए आर्किटेक्ट, बिल्डरों, रेस्टोरेंट संचालकों से बात कर हॉल, रूम, लॉन आदि की साइज अनुसार पंखे तैयार करते हैं। ऐसे ही मंदिरों के लिए ऐसे पंखे बनाए गए हैं कि पूजा के दौरान दीया नहीं बुझता। कुछ पंखे विंटर, समर खास बात यह कि कंपनी के सारे पंखे साउण्डलेस हैं। दूसरा यह कि पेंट बनाने वाली बडी कंपनी 3600 तरह के रंग (शेड्स) तैयार करती है। इसमें से जो भी रंग का पंखा चाहिए वह कंपनी एक हफ्ते में तैयार करके देती है। अधिकांश पंखे रिमोट संचालित हैं।

# कमर तक पानी में जाकर लगा दिया आयसोलेटर

## भारी बारिश में अंधेरे में डूबा था क्षेत्र, जान जोखिम में डालकर कर्मचारियों ने निभाई ड्यूटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एम.पी. (मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) के आउटसोर्स तकनीकी कार्मिक ने अपनी जान की परवाह किए बिना कमर तक पानी में डूबे इंदौर नार्थ जोन 220 के.वी. सबस्टेशन में आयसोलेटर लगाकर शहर की विद्युत व्यवस्था को बहाल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इंदौर में विगत कुछ दिनों में हुई भारी बरसात के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर वृक्षों की डालियां विद्युत लाइनों पर गिरने तथा अन्य कारणों से अनेक क्षेत्रों में बिजली बंद हो गई थी। ऐसे समय लोगों को विद्युत की सबसे ज्यादा जरूरत थी, शहर जलमग्न हो चुका था। जिस स्थान पर आयसोलेटर को लगाना था, वहां कमर तक पानी था। इंदौरवासियों, खासकर सांवेर रोड के फीडर से जुड़े उपभोक्ताओं की विद्युत आपूर्ति जल्द से जल्द बहाल की जा सके, इसके लिए गालिया हटीला ने यार्ड में आयसोलेटर लगाने के इस जोखिमपूर्ण कार्य को अपनी जान की परवाह किए बिना किया। इससे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बहाल हो सकी।

### ◆ आयसोलेटर लगाए बिना नहीं मिल सकती थी सप्लाई

दरअसल क्षेत्र में अतिवृष्टि के कारण शहर की घनी आबादी नार्थ जोन इंदौर में स्थित मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के महत्वपूर्ण 220 के.वी. सबस्टेशन के यार्ड में कमर तक पानी भर गया था। इसी दरमियान इस सबस्टेशन से निकलने वाली 33 के.वी. की कुछ लाइनों में विद्युत व्यवधान हो गया था। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा इस अत्यधिक बारिश में इन लाइनों का सुधार कार्य कर लिया गया था, पर विद्युत उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति तभी बहाल हो सकती थी, जब 220 के.वी. सबस्टेशन नार्थजोन से इन लाइनों का 33 के.वी. का आयसोलेटर लगाया जाता। सबस्टेशन के यार्ड में कमर तक भरे पानी में आयसोलेटर लगाना एक बेहद जोखिमभरा काम हो सकता था। लेकिन सबस्टेशन में ड्यूटी पर कार्यरत आउटसोर्स ऑपरेटर गालिया हटीला ने दिलेरी और हिम्मत दिखाकर इस कार्य को बेहद उत्कृष्टता से किया। इस कार्य में आउटसोर्स सुरक्षा सैनिक आकाश पवार ने भी साथ दिया। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर और एम.पी. ट्रांसको के प्रबंध संचालक सुनील तिवारी ने आउटसोर्स तकनीकी कर्मी गालिया हटीला एवं सुरक्षा सैनिक आकाश पवार को इस कार्य के लिए बधाई दी है।



# पूर्व विधायक ममता मीणा ने छोड़ी भाजपा

## ◆ कार्यशैली और विवादों को लेकर चर्चाओं में रहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना। गुना जिले की चांचौड़ा विधानसभा से भाजपा की पूर्व विधायक ममता मीणा ने मंगलवार को पार्टी से अलविदा कह दिया। चांचौड़ा सीट पर भाजपा का टिकट घोषित ही जाने के 32 दिन बाद उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। वे मंगलवार शाम को पार्टी के प्रदेश कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने भोपाल पहुंचकर प्रदेश महामंत्री भगवान दास सबनानी को इस्तीफा सौंपा। वह चांचौड़ा सीट से घोषित हुए प्रत्याशी पर पुनर्विचार करने की मांग कर रही थीं। सूत्रों के अनुसार वह आम आदमी पार्टी जॉइन कर सकती हैं। दिल्ली में वह अरविंद केजरीवाल के समक्ष आप में शामिल हो सकती हैं।**

भोपाल में इस्तीफा देने के बाद पार्टी कार्यालय के बाहर मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि 'समाज को एक साथ लेकर जात-पात से ऊपर उठकर पार्टी के लिये काम किया है। सर्व समाज को जोड़ा है। पार्टी से पुनर्विचार के लिए कहा था। चांचौड़ा में पांच मंडल आते हैं, पांचों मंडलों में से किसी भी कार्यकर्ता को टिकट दे दो, लेकिन मेरी बात पर किसी ने विचार नहीं किया। न ही मेरे पास किसी का फ़ोन आया, जबकि मैंने उनसे कहा था कि दुखी मन से मुझे दूसरा निर्णय लेना पडेगा, लेकिन उसके बाद भी मेरे पास किसी का फ़ोन नहीं आया। लगातार मेरी उपेक्षा हो रही है। जन आशीर्वाद यात्रा को लेकर जिला, मंडल की बैठकें हुईं, लेकिन मुझे कोई सूचना नहीं दी गयी। मंडल अध्यक्ष, महामंत्री ने विधानसभा संयोजक से पूछा तो उनसे कहा गया कि जिलाध्यक्ष ने बुलाने से मना किया है।

मेरा जो भी कुसूर है, मुझे वो कुसूर बता देते। भले ही भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय के गेट पर फांसी से लटका देते। जैसा कह रहे हैं कि अमित शाह का सर्वे है, उसमे मेरा नाम कटा है, जबकि मैंने दिन-रात गांव-गांव जाकर मेहनत की। चुनाव हारने के बाद भी हार नहीं मानी। सब के सुख-दुख में साथ खड़ी रही। तो कहां मेरा सर्वे खराब है। खामखेड़ा दरबार से जनादेश यात्रा निकाली, जन्मदिन पर हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए, तो कहां से सर्वे खराब है। मेरी पीठ पर इतने छुरे घोंप दिए कि मैं देख नहीं पा रही, कितने घाव हैं। लेकिन शेरनी, शेरनी ही रहेगी। मैंने चांचौड़ा में भगवा घर बनाया था। उसी घर में आज मुझे रहने देने की जगह नहीं है।'

उनके इस्तीफे के बाद यह संभावना जताई जा रही है कि वह आम आदमी पार्टी जॉइन कर सकती हैं। सूत्रों के अनुसार आम आदमी पार्टी नेतृत्व ने उनसे बड़ा वादा किया है। पहले यह बात सामने आई थी कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और पंजाब के सीएम भगवंत मान चांचौड़ा आ सकते हैं। यहां बड़ा कार्यक्रम कर वह आप की सदस्यता लेंगी। लेकिन, आप नेतृत्व से उन्हें यहां आने का समय नहीं मिला। इस कारण अब वह दिल्ली जाकर आप में शामिल होंगी।

शुरुआत से ही ममता मीणा अपनी कार्यशैली को लेकर चर्चाओं और विवादों में रही हैं। चांचौड़ा इलाके में अनेक ऐसे मौके आए, जब उनकी कार्यशैली और कुछ कार्य चर्चाओं का विषय बने। उनकी कार्यशैली के कारण पार्टी पर भी कई सवाल खड़े हुए।

### पूर्व CM दिग्विजय सिंह का काफिला रुकवाया

बात पिछले विधानसभा चुनाव की है। विधानसभा चुनाव की वोटिंग का दिन था। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह राघोगढ़ में वोट डालने के लिए आ रहे थे। वह भोपाल से कार से राघोगढ़ के लिए रवाना हुए। इसी बीच रास्ते में मधुसूदनगढ़ के आसपास उनके कुछ समर्थक खड़े थे। दिग्विजय सिंह उनसे बात करने रुक गए, तभी ममता मीणा और उनके कुछ समर्थक वहां पहुंच गए और दिग्विजय सिंह पर चुनाव प्रभावित करने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। सूचना पर प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। हालांकि, इस दौरान दिग्विजय सिंह अपनी कार में ही बैठे रहे। उन्होंने कहा कि वह केवल समर्थकों से मिलने रुके थे। इस दौरान काफी हंगामा सामने आया था।

# एसटीआर में हाथियों की छुट्टी खत्म

## जमकर हुई खातिरदारी, गन्ने, गुड़, केले की उड़ाई दावत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (एसटीआर) में 7 दिनों से जारी हाथियों का हॉलिडे मंगलवार को खत्म हुआ। सात दिनों तक हाथियों की जमकर खातिरदारी हुई। आराम के अलावा खाने-पीने और नहलाने के साथ इनकी मालिश भी की गई। सभी हाथियों ने अपना पसंदीदा भोजन गुड़, गन्ना, केला व रोटी की दावत उड़ाई हैं। यह पढ़कर आप भी हैरान हो रहे होंगे तो आइए जानते हैं आखिर क्यों हो रही है हाथियों की इतनी खातिरदारी...**

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में हाथियों का 12 से 19 सितंबर तक पुनयौवनीकरण शिविर लगा गया। जिसमें एसटीआर के सभी आठ हाथियों को एक जगह एकत्र किया गया है। जंगल में सालभर भ्रमण करने वाले इन हाथियों को 7 दिन आराम कराया गया। उनसे किसी भी तरह का काम नहीं लिया गया। यहां हाथियों की खुराक बढ़ाने और तंदुरूस्त करने के लिए मनपसंद चारे के साथ फलों का भोजन कराया गया है। हाथियों के साथ रहने वाले महावत भी अनुभव साझा कर रहे हैं। मंगलवार को शिविर का समापन हुआ। बुधवार से सभी हाथी अपनी-अपनी जगह काम पर लग जाएंगे।

**कर्नाटक से आएं गजराज को मिला पहली बार हॉलिडे-** एसटीआर के चूरना में इस बार शिविर का आयोजन हुआ। कर्नाटक से आए गजा, पूजा, कृष्णा, मरिसा को पहली बार सात दिन का अवकाश मिला है। एसटीआर के विक्रम, अंजुगम, प्रिया, स्मिता के साथ कर्नाटक के हाथियों ने भी मौज-मस्ती की। कैंप में मनपसंद भोजन के साथ प्रत्येक हाथी को केला, गन्ना, भुट्टा, गुड, पपीता दिया गया। सुबह होते ही महावतों द्वारा रोजाना हाथियों को स्नान कराया गया। उनकी मालिश के साथ ही हाथियों को श्रृंगार कर कैंप में रोजाना किया गया। इन हाथियों में सबसे छोटा हाथी शराती विक्रम है।

**महावतों को दिए ड्रेस, जुते-** शिविर के समापन के दिन अतिथि वाइल्ड लाइफ पीसीसी चीफ, जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत रहे। हाथियों की अतिथियों के द्वारा पूजन की गई। फिर उन्हें भोजन कराया गया। सभी महावतों को ड्रेस, जूते व अन्य सामग्री भेंट की गई। इस अवसर पर एसटीआर के फील्ड डायरेक्टर एल कृष्णमूर्ति, एएफडी संदीप फेलोज, एसडीओ विनोद चौहान, रेंजर आरपी पाठक समेत स्टॉफ मौजूद रहा।

## ◆ भोपाल में भूपेंद्र विश्वकर्मा जैसा एक और सुसाइड केस उजागर

# सायबर जालसाजों की ठगी के शिकार युवक ने की खुदकुशी, आखिरी वीडियो में बोला- धनी ऐप वालों ने ठग लिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** राजधानी के बैरसिया में सायबर जालसाजों की ठगी और प्रताड़ना से तंग आकर देव नारायण विश्वकर्मा नाम के युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड के पहले उसने वीडियो बनाया, जिसमें सुसाइड के लिए सायबर ठगों को जिम्मेदार बताया है। वीडियो में उसने धनी नाम के ऐप के जरिए 1.93 लाख रुपए की ठगी का जिक्र किया है। बैरसिया पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। इससे पहले, सायबर जालसाजों की प्रताड़ना से तंग आकर रातीबड़ के रहने वाले भूपेंद्र विश्वकर्मा ने दो मासूम बच्चों को जहर देने के बाद पत्नी के साथ सुसाइड कर लिया था। सामूहिक खुदकुशी के बाद हरकत में आई पुलिस ने 6 सायबर ठगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# बाघ ने ग्रामीण पर हमला किया, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में एक बार फिर बाघ ने बुजुर्ग पर हमला कर दिया। मंगलवार देर रात बुजुर्ग की मौत हो गई। ये तीन दिन में बाघ के हमले की तीसरी घटना है। इससे पहले रविवार को और सोमवार को बाघ ने दो ग्रामीणों पर हमला किया था। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि बाघ पतौर परिक्षेत्र के बमेरा गांव में दम्मा यादव (60) के घर के आंगन में भैंस का शिकार कर रहा था। गाय की तेज आवाज सुन दम्मा की नींद खुली। वह घर के बाहर निकला, तभी बाघ उस पर लपक गया। इस पर घर में सो रहे लोग जाग गए। बाघ हमले के बाद जंगल की तरफ भाग गया। पतौर परिक्षेत्र की टीम को इसकी जानकारी दी गई। परिक्षेत्र अधिकारी अर्पित मैराल टीम के साथ दम्मा को जिला अस्पताल लेकर पहुंची। यहां से उसे जबलपुर रेफर कर दिया गया। रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पतौर परिक्षेत्र में बाघ ने तीन दिन में तीसरी बार हमला किया। रविवार को बकेली बीट में बद्री यादव (70) को बाघ ने घायल कर दिया था। सोमवार को श्याम किशोर पाल (18) पर बाघ ने हमला कर दिया। अब घर के आंगन में बुजुर्ग पर हमला किया।



# संपादकीय

## केवल यही कारण नहीं

दुनिया में व्यापार के मामले में चूंकि अमेरिकी डालर एक खास जगह रखता है, इसलिए रुपए की कीमत में गिरावट को मुख्य रूप से इसी कसौटी पर आंका जाता है। फिलहाल, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के साथ-साथ रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध की वजह से कारोबार पर असर पड़ा है। मगर केवल इसी कारण को रुपए के कमजोर होने के लिए जिम्मेदार नहीं माना जा सकता। दरअसल भारतीय रुपए की कीमत में गिरावट का जो रुख बना हुआ है, वह चिंता की बात है और इसमें सुधार के लिए कोई रास्ता तत्काल निकालने की जरूरत है। गौरतलब है कि सोमवार को डालर के मुकाबले रुपए के मूल्य में ऐतिहासिक गिरावट दर्ज की गई, जिसके तहत रुपया 83.29 प्रति डालर तक नीचे आ गया। यों 'इंटरबैंक फारेन करंसी एक्सचेंज' बाजार में अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपए में इस उल्लेखनीय गिरावट के लिए कच्चे तेल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी को जिम्मेदार बताया जा रहा है। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय बाजार में दूसरी मुद्रा की तुलना में डालर मजबूती के रुख पर है। इसका सीधा असर रुपए पर पड़ा है। कहने को भले आर्थिक स्थिति में लगातार बेहतरी का दावा किया जा रहा हो, लेकिन रुपए में गिरावट से कई आशंकाएं भी खड़ी हो रही हैं। दरअसल, मुद्रा के लगातार ऐसी स्थिति में बने रहने के नतीजे में अर्थव्यवस्था में सुधार की उम्मीदें कमजोर और मंदी की संभावनाएं भी खड़ी होने लगती हैं। हाल ही में सामने आए आंकड़े के मुताबिक देश में आयात और निर्यात, दोनों ही मोर्चे पर गिरावट दर्ज हुई है और एक तरह से इस मामले में निराशा हाथ लगी है। इसका स्वाभाविक असर रुपए की कीमत पर देखा जा रहा है। पिछले हफ्ते जारी सरकारी आंकड़ों में बताया गया कि अगस्त में भारत का निर्यात 6.86 फीसद घटकर 34.48 अरब डालर रह गया है। जबकि बीते वर्ष इसी महीने यह आंकड़ा 37.02 अरब डालर का था। इसी तरह आयात में भी गिरावट आई और यह 5.23 फीसद घट कर 58.64 डालर रह गया। साल भर पहले इसी दौरान यह 61.88 अरब डालर का दर्ज किया गया था।

**Quote...**

"Always remember that you are absolutely unique. Just like everyone else."

–Margaret Mead

॥ रामकथा॥
॥ मानस मंदिर॥
गुजराती से हिंदी अनुवाद

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

# देह मंदिर .....

हमारा देह हमारा मंदिर है....
शरीर रुपी मंदिर जो है उसकी मूर्ति कौन सी ?...उसकी मूर्ति हमारा प्राण है... जब तक ये है तब तक हम हैं ....प्राण हो तो ही मंदिर है ......मूर्ति प्राण है.... आज की परिस्थिति में ही प्राण वायु नहीं मिलता और आदमी चला जाता है .....
देह मंदिर का पुजारी कौन ?....
संकल्प विकल्प करता हमारा मन .....
जैसे पुजारी होते हैं मंदिर में बारी-बारी से सेवा में ...वैसे संकल्प और विकल्प ये हमारे शरीर रुपी मंदिर के पुजारी हैं....
संकल्प ये शाश्वत पुजारी है ....
विकल्प ये काम चलाऊ पुजारी है ...वो थोड़े समय के लिए किसी की जगह पर... जैसे मूल पुजारी कहे कि मुझे अपने गांव जाना पड़ेगा तो तू 8 दिन आरती उतार लेना....
संकल्प ये कायमी पूजारी है ....
इस देह मंदिर की ध्वजा कौन सी ?....
जागृति पूर्वक... ईमानदारी ना छोड़ना उसका नाम ध्वजा है .....

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

**Relationship**

# रोजमर्रा की लाइफ में बोली गई ये बातें पति-पत्नी के रिश्ते में ला देती हैं दूरियां, बोलने से पहले जरूर सोच लें

शादीशुदा रिश्ते के लिए केवल प्यार और विश्वास जरूरी नही है बल्कि इसके साथ ही और भी कई सारी बातें हैं। जिनके बारे में पता होना जरूरी है। अक्सर अनजाने में ही पार्टनर शादी के बाद कुछ ऐसी बातें बोल देते हैं। जो शादीशुदा रिश्ते में दूरियों की वजह बन जाता है। कम्यूनिकेशन किसी भी रिश्ते के लिए जरूरी है लेकिन बोलने से पहले ये जानना जरूरी है कि कौन सी बात सामने वाले को ठेस पहुंचा सकती है। खासतौर पर जब आप अपने पार्टनर से बात कर रहे हों। ऐसी ही कुछ बातों की लिस्ट है जिसे अपने पार्टनर से भूलकर भी नहीं बोलना चाहिए। नहीं तो मन ही मन पार्टनर के मन में आपके लिए दूरियां बढ़ती जाती है।

### तुमसे शादी करके पछता रहा हूं

कई बार पार्टनर झगड़ा करते समय इस बात को बोल देते हैं कि तुमसे शादी करके पछता रहा हूं या रही हूं। ऐसे शब्द भले ही आपके लिए हल्के लगते हों लेकिन ये बात पार्टनर को इमोशनली तोड़ देती है। साथ ही प्यार और विश्वास जैसी चीजों को भी खत्म करती है।



इसलिए कभी भी झगड़े के बीच में इस तरह के वाक्य अपने पार्टनर से भूलकर भी ना बोलें। ये पार्टनर में मन में दूरी पैदा करते हैं।

### मैं तुमसे प्यार नहीं करता

शादी का रिश्ता बिना प्यार के अधूरा है। जब आप पार्टनर से ये बात बोलते हैं तो इसका मतलब है कि आप उसके साथ रहना नहीं चाहते। अगर आपको अपने प्यार और शादी पर भरोसा नही है तो जरूरी है कि किसी एक्सपर्ट की मदद लें। जो आपके शादीशुदा रिश्ते को टूटने से बचाए और दोनों के बीच में प्यार पैदा करे।

### तुम अपनी मां की तरह हो

अक्सर बीवियां लड़ाई-झगड़े के बीच में अपने पति से ये बात बोलती है कि तुम अपनी मां की तरह हो या बर्ताव कर रहे हो। इस कमेंट को ज्यादातर पार्टनर निगेटिव ही समझते हैं। अगर आप अपने पार्टनर की उनके पैरेंट्स की आदतों से तुलना करना चाहते है तो काफी सोच-समझकर और पॉजिटिव तरीके से बोलें।

### काश मैं उससे शादी कर पाता

अगर आप शादी के बाद पार्टनर से ये बताते हैं कि मेरी शादी कहीं और होने वाली थी और फिर झगड़े के बीच में बोल देते हैं कि काश मेरी शादी उससे हो जाती। ये बात पार्टनर को दुखी कर देती है। कई बार ये छोटी-छोटी बातें ही रिश्ते में दूरियों की वजह बन जाती है।

## Highlights

1. 'Socialist, Secular' missing in Constitution's new copies: Adhir
2. Misleading: Govt as report says technician who worked for ISRO is selling idlis
3. Saw killings in childhood: J&K woman at UN on Pak-backed terrorism
4. Canada wanted allies to condemn India over Nijjar's death, was ignored: Report
5. Karnataka proposes ban on tobacco products for below 21 year olds
6. Garlic trader stripped, paraded naked over ₹3,000 debt in Noida

# Realty firm Signature Global's IPO open for subscriptions. Check price band, GMP

**MUMBAI, (Agency).** Realty firm Signature Global is open for subscription from Wednesday and the offer closes on September 22.

The company based out of Delhi-NCR plans to raise ₹730 crore through the IPO. In July last year, Signature Global had filed the Draft Red Herring Prospectus (DRHP) with capital markets regulator Sebi to launch its IPO.

According to the Red Herring Prospectus (RHP) filed earlier this week, the total size of the IPO is up to ₹730 crore, comprising fresh issue of shares of up to ₹603 crore and Offer For Sale (OFS) of up to ₹127 crore.

Price band- The IPO has fixed a price band of ₹366-385 per share for its maiden public issue. The company has raised ₹318.5 crore from anchor investors, including Nomura. In a regulatory filing, the company informed that under Anchor Investors (AIs) portion in the public issue, 82,72,700 equity shares have been




subscribed at ₹385 per equity share. "Our net debt stood at around ₹1,100 crore at the end of the last fiscal year. We propose to utilise ₹432 crore for debt reduction," Signature Global Chairman Pradeep Aggarwal was quoted by PTI as saying. The balance fund will be used for inorganic growth through land acquisitions and general corporate purposes.

Grey market premium- Grey market premium is the price at which the shares are being traded in the grey market. According to topsharebrokers.com, the shares of Signature Global had a GMP of ₹34 at 9:58 pm.

What experts say- "Signature Global's continuous negative financial performance has made the issue price exorbitantly high and the negative P/E has made the prospects gloomy. The company has regional presence only and majorly in affordable housing. Investors may skip this IPO and wait for the better valuations to consider", Dr. Ravi Singh, market expert, told Hindustan Times.

# Wires manufacturer RR Kabel's IPO to be listed today. Check price band, GMP

**MUMBAI, (Agency).** Wires and cables manufacturer RR Kabel Limited's initial public offering (IPO) will be listed on Wednesday.

"Trading Members of the Exchange are hereby informed that effective from Wednesday, September 20, 2023, the equity shares of R R KABEL LIMITED shall be listed and admitted to dealings on the Exchange in the list of 'B ' Group of Securities",




the Bombay Stock Exchange said on its website.

The IPO has a fresh issue of up to ₹180 crore and an offer for sale of up to 1,72,36,808 equity shares. The price band of the share has been set between ₹983-1,035 per share. At the upper end of the price band, the issue will fetch up to ₹1,964 crore.

The company runs five manufacturing units - one each cable and wire units in Waghodia in Gujarat and in Silvassa in the Union Territory of Dadra and Nagar Haveli, and a commercial lightings plant in Bengaluru and one each fast moving electrical goods (FMEG) units in Roorkee in Uttarakhand and Gagret in Himachal Pradesh. As much as 88 per cent of its revenue comes from cables and wires.

The company proposes to utilise ₹136 crore of the net proceeds from the fresh issue to pare down debt.

RR Kabel, a part of the RR Global Group, had a net profit of ₹214 crore on a revenue of ₹4,386 crore in FY22.

Bihar

# दरभंगा में पुलिस टीम पर हमला; तेज आवाज में डीजे बजा रहे थे लोग, पुलिसकर्मियों ने रोका तो करने लगे पथराव




**पटना, (एजेंसी)** दरभंगा में पुलिस टीम पर हमला हुआ है। इसमें 4 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हो गए। इधर, पुलिस ने छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि बहादुरपुर थाना पुलिस ने पूजाकर रहे लोगों डीजे बजाने से मना करना महंगा पड़ गया। डीजे बजा रहे लोगो ने पुलिस पर पथराव कड़ते हुए हमला कर दिया, इससे कई पुलिस कर्मी घायल हो गए।

पुलिस ने भी त्वरित कार्यवाई कड़ते हुए मौके से तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें बहादुरपुर गांव के विकास शर्मा ,प्रकाश, शर्मा रामानंद शर्मा शामिल है। बाकी फरार दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। बताया जाता है कि विश्वकर्मा पूजा को लेकर रात बहादुरपुर गांव में कुछ लोग तेज आवाज में डीजे बजा रहे थे। इस क्रम में पुलिस गश्ती करते हुए पहुंची। डीजे को तेज आवाज में बजते हुए देख बंद करने को कहा गया। इस मौके पर मौजूद लोगों ने बात मानने से इनकार कर दिया। जब देर रात्रि में डीजे बाजार बजाने की अनुमति का पेपर मांगा गया। सभी लोग उग्र होकर पुलिस के साथ धक्का-मुक्की करते हुए दुर्व्यवहार करने लगे। देखते ही देखते सभी पुलिस पर पथराव करने लगे इसमें पुलिस वाले जब तक बचने की कोशिश करते हैं। उससे पहले कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। हालांकि, सूचना पर अन्य थाना से पहुंची पुलिस बल के सहयोग से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले को लेकर पुलिसकर्मी शकुनी साहनी ने पांच लोगों को नामजद और 40 से 50 अज्ञात लोगों को आरोपित करते हुए प्राथमिक दर्ज कराई है। इन सभी पर पुलिस पर पथराव करने सरकारी कार्य बाधा उत्पन्न करने और बगैर लाइसेंस के तेज गति से डीजे बजाने का आरोप है।

Paschim bangal

## राजस्थानः रक्तदंतिका मंदिर में घुसे बदमाश, 7 तोला सोना, 12KG चांदी और छत्र ले गए, पुजारियों को लाठी और रॉड से पीटा

**कोटा, (एजेंसी)** राजस्थान के बूंदी जिले में स्थित रक्तदंतिका मंदिर से लुटेरों ने सोने-चांदी के जेवरात के साथ-साथ एक छत्र लूट लिया. इस दौरान दो पुजारियों और एक स्थानीय व्यक्ति को पीटा, जिससे एक गंभीर रूप से घायल हो गया. पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी. पुलिस के अनुसार, यह घटना हिंडोली थाना क्षेत्र के सातूर गांव में सोमवार और मंगलवार की दरमियानी रात हुई. यहां लुटेरों ने रक्तदंतिका मंदिर से 7 तोला (लगभग 80 ग्राम) सोना और 12 किलोग्राम चांदी के आभूषण, एक छत्र सहित अन्य कीमती सामान लूट लिया. एनएच-52 से कुछ किलोमीटर की दूरी पर सातूर गांव में रक्तदंतिका मंदिर स्थित है. इस मंदिर को शक्ति पीठ में से एक माना जाता है. पुलिस का कहना है कि लुटेरे सीढ़ी लगाकर मंदिर की दीवार पर चढ़े थे. इस दौरान मंदिर में दो पुजारी व एक स्थानीय व्यक्ति मौजूद था. मंदिर में मौजूद तीन लोगों ने जब लुटेरों को रोकने की कोशिश की, तो लुटेरों ने उन्हें लाठियों और लोहे की रॉड से पीटा. लूट की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को बूंदी जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को कोटा के रेफर किया गया है.

Uttarpradesh

## अयोध्या के राम जन्मभूमि को बम से उड़ाने की धमकी, 112 पर आई कॉल से हड़कंप

**बरेली, (एजेंसी)** अयोध्या में बन रहे राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी का मामला सामने आया है। यूपी 112 पर कॉल आने के बाद हड़कंप मच गया। मुख्यालय से इस संबंध में बरेली पुलिस को जानकारी दी गई तो कॉल करने वाले आठवीं के छात्र को पुलिस ने उठा लिया। पूछताछ में छात्र ने बताया कि उसने यूट्यूब पर एक वीडियो देखी, जिसमें 21 सितंबर को राम मंदिर को बम से उड़ाने की बात कही गई थी। यही सूचना देने को उसने यूपी 112 पर कॉल किया। पुलिस के मुताबिक यह घटनाक्रम मंगलवार शाम करीब पांच बजे का है। एक व्यक्ति ने यूपी 112 को फोन करके बताया कि सूचना मिली है कि 21 सितंबर को अयोध्या के राम मंदिर को बम से उड़ा दिया जाएगा। इस बारे में पुलिस ने फोन करने वाले से और जानकारी लेने की कोशिश की तो उसने फोन काट दिया। इसके बाद पुलिस में हड़कंप मच गया।

New Delhi

## 11 साल में पहली बार बंद होगा यमुना एक्सप्रेसवे, 4 दिन तक इन गाड़ियों पर रोक

**ग्रेटर नोएडा, (एजेंसी)** ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट (बीआईसी) में 22 से 24 सितंबर तक मोटोजीपी बाइक रेस का आयोजन होने वाला है। इसके मद्देनजर यमुना एक्सप्रेसवे को निर्धारित समय के लिए बंद किया जाएगा। इस दौरान एक्सप्रेसवे पर भारी और मध्यम वाहनों के लिए यातायात बंद रहेगा। ऐसा 11 साल में पहली बार होगा जब एक्सप्रेसवे को बंद किया जाएगा। 21 सितंबर सुबह 6 बजे से 25 सितंबर की रात 12 बजे तक ग्रेनो और यमुना एक्सप्रेसवे पर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। ये वाहन एनएच-9, 24, 91 से होकर जा सकेंगे। आगरा, मथुरा, लखनऊ और दिल्ली से आने-जाने के लिए नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर रोक रहेगी। 23 और 24 सितंबर को आगरा से नोएडा आने-जाने के लिए लोगों को वैकल्पिक मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग का प्रयोग करना होगा। मथुरा और अलीगढ़ से नोएडा की तरफ आने वाले वाहन भी एक्सप्रेसवे का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। आगरा से नोएडा के लिए 12 से सात बजे तक एक्सप्रेसवे बंद रहेगा। जबकि मथुरा में दो बजे के बाद वाहनों को एक्सप्रेसवे पर एंट्री नहीं दी जाएगी। रेस के दौरान वाहनों का दबाव कम हो इसके लिए वाहन चालक अंदर के रास्तों का इस्तेमाल कर सकेंगे। दिल्ली बॉर्डर से जिले में भारी और मध्यम वाहनों का प्रवेश 21 सितंबर को सुबह छह बजे से 25 सितंबर की रात 12 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा।

खेल

# एशियन गेम्सः वॉलीबॉल में भारतीय पुरुष टीम ने किया विजयी आगाज, पहले मैच में कंबोडिया को 3-0 से हराया



**नई दिल्ली (एजेंसी)** भारतीय वॉलीबॉल पुरुष टीम ने मंगलवार को कंबोडिया को 3-0 से हराकर एशियाई खेलों में जीत के साथ आगाज किया। भारत ने पहले मैच में ही शुरु से दबदबा बनाए रखा। भारतीय टीम ने पूल-सी के मैच में निचली रैंकिंग की टीम कंबोडिया को 25-14, 25-13, 25-19 से पराजित किया।

पूल-सी में भारतीय टीम की असली परीक्षा बुधवार को होगी जब टीम विश्व की 27वें नंबर की टीम दक्षिण कोरिया के खिलाफ खेलेगी। हांगझोऊ एशियाई खेलों में 19 कुल टीमें शिरकत कर रही हैं जिसमें जापान, चीन और दक्षिण कोरिया जैसी मजबूत टीमें भी शामिल हैं। वहीं, जापान ने इन खेलों में अभी तक पुरुष वॉलीबाल में 27 पदक जीते हैं जिसमें 16 स्वर्ण शामिल हैं। उसके बाद दूसरे स्थान पर चीन है जिसने 11 स्वर्ण जीते हैं, जबकि कोरिया 5 स्वर्ण के साथ तीसरे पायदान पर विराजमान है।

सिनेमा

## कंगना रनौत का पॉलिटिक्स ज्वाइन करने का है पूरा मन, साल 2024 चुनाव पर कहा- सिर्फ भगवा रंग...



कंगना रनौत बॉलीवुड के उन सेलेब्स में से एक हैं जो हर मुद्दे पर अपनी राय देती हैं। इसके अलावा वह देश की राजनीति और बाकी मुद्दों पर भी खुलकर बोलती हैं। कंगना के ऐसे स्टेटमेंट्स को देखकर यही लगता है कि वह आने वाले समय में पॉलिटिक्स ज्वाइन कर सकती हैं। हाल ही में कंगना नए संसद भवन भी पहुंचीं। वैसे इस दौरान कंगना के साथ ईशा गुप्ता भी थीं। कंगना से इसके बाद एक इंटरव्यू में पॉलिटिक्स ज्वाइन करने का सवाल भी पूछा गया तो जानें कंगना ने क्या कहा। इसके अलावा कंगना ने बताया कि साल 2024 के चुनाव में किस पार्टी की जीत की संभावना उन्हें दिख रही है। कंगना से पूछा गया कि क्या वह पॉलिटिक्स में आने वाली हैं या क्या उनका आगे पॉलिटिक्स ज्वाइन करना का इंट्रेस्ट है तो इस पर कंगना ने टाइम्स नाउ को दिए इंटरव्यू में कहा, 'एक आर्टिस्ट होने का नाते हां मैं इंट्रेस्टेड हूं पॉलिटिक्स में। लेकिन अभी मेरे लिए पॉलिटिक्स ज्वाइन करना बहुत जल्दबाजी होगी।' कंगना ने यह भी कहा कि हर एक दिन के साथ भारत बेहतर होता जा रहा है। कंगना ने इस दौरान यह भी कहा कि उन्हें हाल ही में चांस नहीं मिल पाया पीएम नरेंद्र मोदी से मिलने का। वह 2-3 साल पहले उनसे मिली थीं और अब फिर से उनसे मिलना चाहती हैं।

### दो लोगों से आनलाइन धोखाधड़ी

# 70 हजार से ज्यादा की लगाई चपत हरियाणा का आरोपी पकड़ाया

◆ क्रेडिट कार्ड विभाग का सदस्य बनकर भेजी थी फर्जी लिंक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। क्रेडिट कार्ड विभाग के नाम से फोन कर दो लोगों से 70 हजार से ज्यादा की आन लाइन ठगी करने वाले हरियाणा के आरोपी को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने क्रेडिट कार्ड पर रिवार्ड प्वाइंट रिडीम करने वाली फर्जी लिंक से कई लोगों से धोखाधड़ी की वारदात करना स्वीकार किया है।**

क्राइम ब्रांच को सानिध्य तिवारी द्वारा शिकायत की गई थी कि बैंक के क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट के नाम से अज्ञात व्यक्ति द्वारा कॉल कर लिंक भेजते हुए बैंकिंग जानकारी प्राप्त कर 24,311 रुपए की धोखाधड़ी की गई है। क्राइम ब्रांच ने केस दर्ज किया और मामले में जांच शुरू की। इसी बीच एक अन्य आवेदक अंशुल के साथ क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट के नाम से भी इसी तरह लिंक भेजकर 48,623 रुपए की ऑनलाइन धोखाधडी की गई थी, इसकी भी शिकायत पहुंची। क्राइम ब्रांच टीम ने जांच करते हुए आरोपियों की तकनीकी जानकारी निकालते आरोपी विशाल कुमार,फरीदाबाद,हरियाणा को गिरफ्तार किया।

आरोपी ने स्वयं को उक्त फ्राड में उपयोग की गई आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड पर रिवार्ड प्वाइंट रिडीम करने वाली फर्जी लिंक का डेवलपर होना स्वीकार किया जिसके माध्यम से कई लोगो के साथ ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया था। आरोपी से अन्य मामलों की जानकारी ली जा रही है।

# शातिर वाहन चोर पकड़ाया

◆ जेल से छूटने के बाद फिर करने लगा वारदातें

**इंदौर। एक दर्जन वाहन चोरी के मामले वाला आरोपी कुछ दिनों पहले ही जेल से छूटा और उसने फिर से वाहन चुराना शुरु कर दिया। ब्राउन शुगर की लत के कारण वाहन चोरी करने वाले आरोपी को एक बार फिर दो चोरी की बाइक सहित गिर तार किया है।**

क्राइम ब्रांच को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ समय पूर्व जेल से वाहन चोरी के केस में जमानत पर छूटे आदतन आरोपी ओने पोने दामो में दोपहिया वाहन बेचने के लिये ग्राहक की तलाश कर रहा है। टीम ने घेराबंदी कर आरोपी अजय उर्फ बाबा उर्फ अजीत उर्फ कान्हा उर्फ काकरिया मेवाड, ग्राम भौरासला को पकड़ा। आरोपी अजय उर्फ बाबा उर्फ अजीत ने बताया कि वह कुछ समय पहले ही जेल से वाहन चोरी के अपराध में छूटा है, उसको ब्राऊन शुगर पावडर पीने की लत है जिसके कारण उसको रुपये की जरुरत थी इस कारण उसने कुछ समय पूर्व हीरानगर में एमआर 10 का पलेक्स के पास से एक डिलक्स बाइक चुराई थी। उसके बाद एमआर 10के पास सांवरिया ट्रेडर्स से भी एक बाइक चुराई थी। पुलिस ने आरोपी से दोनों बाइक बरामद कर ली है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी एक दर्जन वाहन चोरी के केस दर्ज मिले हैं।



## हेल्पर की मौत, टैंकर मालिक पर केस

इंदौर। तेजाजी नगर इलाके में गत दिनों टैंकर की सफाई के लिए हेल्पर उस पर चढकर काम कर रहा था, वह असंतुलित होकर गिरा और उसकी मौत हो गई। पुलिस ने जांच के बाद टैंकर मलिक को उसकी मौत का जिम्मेदार माना है। पुलिस ने बताया कि आरोपी टैंकर मालिक का नाम हीरा सिंह संधू है। मृतक का नाम राजेंद्र (53) वर्ष है । घटना लगभग तीन माह पहले की है। साक्षी सर्विस सेंटर के पास बायपास सर्विस रोड पर आरोपी टैंकर मलिक हीरा सिंह ने मृतक राजेंद्र जो टैंकर पर हेल्पर था उसे बिना सुरक्षा संसाधन के टैंकर के ऊपर चढकर सफाई करने को कहा था। वह ऊपर चढकर सफाई कर रहा था। अचानक फिसल कर गिर गया था, इलाज के दौरान अस्पताल में उसकी मौत हो गई। जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपी मालिक ने सुरक्षा के कोई संसाधन उसे नहीं दिए थे, जिसके चलते वह गिरा और मौत का शिकार हो गया।

## इनामी आरोपी को रासुका में जेल भेजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मुखबिरी के शक में प्राणघातक हमला करने वाले इनामी आरोपी को गिर तार कर पुलिस ने रासुका की कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया है। रासुका की कार्रवाई के बाद आरोपी के खिलाफ प्राणघातक के केस में अलग से कार्रवाई की जाएगी। तिलकनगर में 19 सितंबर को मुखबिरी के विवाद में आरोपी अंशुल भालेराव उसके दोस्त सूरज उर्फ कुलदीप संविदनगर ने कान्हा भार्गव व उसके दोस्त देवेन्द्र नागर को जान से मारने की नियत से चाकू मार कर प्राणघातक हमला किया था। आरोपी वारदात के बाद से ही फरार हो गया था। आरोपियों की गिर तारी पर पुलिस ने दो-दो हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया था। थाना प्रभारी कनाडिया व उनकी टीम द्वारा अंशुल पिता मधुकर भालेराव के आपराधिक रेकार्ड को देखते हुए उस पर रासुका की कार्वाई कर सेंट्रल जेल भेज दिया है। हत्या के प्रयास के उक्त अपराध मे भी गुंडे अंशुल की गिरफ्तारी पृथक से की जावेगी।

## गार्ड का शव मिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। खजराना इलाके में वेलोसिटी के पास बुधवार सुबह एक युवक का शव पड़ा मिला। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमार्टम के लिये एमवाय अस्पताल भेजा है। खजराना पुलिस के मुताबिक वेलोसिटी टॉकीज के श्रमिक सिटी बस स्टॉप के पास बुधवार सुबह लोगों ने एक व्यक्ति का शव देखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मुताबिक कपड़ों में मिले डॉक्यूमेंट के आधार पर उसकी पहचान स्कीम नंबर 78 निवासी शोभसिंह पुत्र उमरेंद्रह के रूप में हुई है। वह पीथमपुर की प्रतिभा सिथेटिक्स कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड का काम करता है। बताया जाता है कि रात में वह दोस्त के साथ था। दोनों ने पार्टी की। कर्मचारी के पास एक मोबाइल भी था। जो मौके पर नहीं मिला है। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

## घर के बाहर गाड़ी जलाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अन्नपूर्णा इलाके में एक व्यक्ति के घर के बाहर खड़ी में अज्ञात आरोपी ने आग लगा दी। पुलिस ने बताया कि बाबू घनश्यामदास नगर में रहने वाले किरण पथरोड की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ आगजनी का मुकदमा दर्ज किया गया है। किरण ने पुलिस को बताया कि बीती रात उनकी मोटरसाइकिल घर के बाहरी खड़ी थी, अज्ञात बदमाश ने देर रात उसमें आग लगा दी। उन्हें पता लगा तो वह घर के बाहर आए और आग बुझाई लेकिन तब तक गाड़ी में काफी नुकसान हो गया था।

## 16 वर्षीय नाबालिग ने फांसी लगाकर दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। औद्योगिक नगरी पीथमपुर के सेक्टर एक थाना क्षेत्र में जय नगर कॉलोनी में रहने वाले 16 वर्षीय युवक ने देर शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार थाना सेक्टर एक पर सूचना मिली थी कि सितला माता मंदिर के पास जय नगर कॉलोनी में किराए से रहने वाले एक 16 वर्षीय बालक ने अपने कमरे में फांसी लगा ली है और दरवाजा अंदर से बंद है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और मशक्कत के बाद दरवाजा खोला गया तो बालक पंखे के हूक में रस्सी के सहारे लटका हुआ था। मृतक अपने भाई-भाभी के साथ यहां रहता था। घटना के समय मृतक के भाई राहुल निगवाल व भाभी घर पर नही थे। उनके घर आने के पर जब दरवाजा नही खुला तो पुलिस को सूचना दी गई। फिलहाल शव को सामुदयिक स्वास्थ्य केंद्र के शव गृह में रखवाया गया है। मृतक मूल रूप से बड़वानी जिले का रहने वाला था और कुछ समय से अपने भाई-भाभी के पास आकर रहने लगा था।

# युवक की हत्या का प्रयास

◆ मार्केटिंग मैनेजर को महिला मित्र के पति ने मारे चाकू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लसूडिया में एक डिजीटल मार्केटिंग का काम करने वाले मैनेजर को उसके महिला मित्र के पति ओर दोस्त ने ताबड़तोड़ चाकू मारे। गंभीर हालत में मार्केटिंग मैनेजर को निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। इधर पुलिस ने मामले में दोनो आरोपियों को हिरासत में लिया है।**

टीआई तारेश सोनी के मुताबिक घटना लालटेन रेस्टोरेंट की है। यहां जितेन्द्र पंवार निवासी एमआर 10 अपनी महिला मित्र के साथ डीनर करने पहुंचा। यहां महिला मित्र का पति प्रद्युम्न सुनहरे ओर उसका दोस्त सौरभ पहुंचा। प्रदुम्न ने अपनी पत्नी के साथ बैठने को लेकर जितेन्द्र पंवार पर आपति ली। इसके बाद दोनो में कहासुनी हो गई। इसके बाद प्रदुमन ओर सौरभ ने चाकू निकाले। जिसमें जांघ,हाथ ओर पैर पर दोनो ने मिलकर जितेन्द्र को चाकू मार दिए। इसके बाद भी जितेन्द्र काफी दूर तक जान बचाने के लिये भागा। बाद में उसे कोकिलाबेन अस्पताल ले जाया गया। रात में सर्जरी के बाद उसे होश आया। पुलिस ने मामले में मंगलवार को बयान लेने के बाद प्रदुमन ओर उसके दोस्त सौरभ के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है।

# युवक पर चाकू से हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। विवाद के चलते युवक पर बदमाश ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। चंदन नगर पुलिस ने मामले में आरोपी पर केस दर्ज किया है।**

पुलिस ने बताया कि घायल युवक का नाम दीपक पिता मनोहर सौदागर निवासी हरि ओम नगर है । उसकी शिकायत पर आरोपी बारीक उर्फ राज निवासी पंचमूर्ति नगर के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। दीपक ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर के पास खड़ा था, तभी आरोपी राज वहां पहुंचा और गालियां देकर कहा कि तू बहुत तेज चल रहा है। इसी बात को लेकर दोनों में बहस हो गई। एक दूसरे को दोनों ने लात घूंसों से मारा पीटा। आरोपी इस के बाद अपने घर में गया और चाकू लेकर आया। उसने दीपक की गर्दन और पीठ पर चाकू मारे। घटना से क्षेत्र में हडकंप मच गया। लोगों ने जैसे तैसे घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

जनसमस्याओं और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को उजागर करने वाले साहसी, कर्मठ साथियों की दैनिक अखबार और न्यूज़ चैनल में आवश्यकता है...जो लेखनी और भाषा का दक्ष हो।
इच्छुक व्यक्तित्व संपर्क करें -
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
YouTube Detective Group Report
SUBSCRIBE
समाचार और विज्ञापन के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।